9

अख़बार की दुनिया

(पठन-कौशल, लेखन-कौशल)

पढ़ना/लिखना	क्रियाकलाप
• अख़बार के समाचार को उसकी उपयोगिता के	• अख़बारों से परिचय • समाचारों के प्रकारों से परिचय अनुसार पढ़ना • समाचार-लेखन की समझ

सारांश



अख़बार आज आम आदमी की ज़रूरत बन चुका है। जिस अख़बार को हम पढ़ते हैं, उसकी भी अपनी एक दुनिया है। अख़बारों में समाचार, संपादकीय, फ़ीचर, फ़ोटो, कार्टून, ग्राफ़िक्स, विज्ञापन आदि अनेक चीज़ें छपती हैं। समाचार अख़बार का प्रमुख अंग है। छपने से पहले समाचारों का चयन उनके महत्त्व तथा समाचारपत्र की नीति के आधार पर होता है। समाचारों के भी कई अंग होते हैं—मेन हेडिंग, सब हेडिंग, बाई लाइन, समाचार-स्रोत, इंट्रो तथा ब्यौरा आदि। समाचारों पर आधारित टिप्पणी संपादकीय कहलाती है। घटनाओं से संबंधित फ़ोटो उनमें विश्वसनीयता तथा प्रभाव उत्पन्न करते हैं। फ़ीचर का काम सूचना देना, शिक्षा देना तथा मनोरंजन करना है। अनेक विषयों पर लेख भी समाचारपत्रों में प्रकाशित होते हैं। अख़बार का एक उपयोगी अंग साक्षात्कार भी है। व्यंग्य-चित्र (कार्टून) केवल मनोरंजन ही नहीं करते, बल्कि समाज को आईना भी दिखाते हैं। विज्ञापन अख़बार की आय के प्रमुख साधन ही नहीं, अपितु पाठकों के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। विज्ञापन की चुटीली व रोचक भाषा उसे अत्यंत लोकप्रिय बनाती है। पत्र, बाज़ार-भाव, मौसम, खेल संबंधी सूचनाएँ भी नियमित रूप से अख़बार में छपती हैं। अब तो इलेक्ट्रॉनिक अख़बार भी आ गया है।

मुख्य बिंदु

- **समाचारपत्र के अंग**
  - समाचार
  - संपादकीय
  - फ़ोटो
  - फ़ीचर
  - लेख
  - साक्षात्कार
  - कार्टून
  - ग्राफ़िक्स
  - विज्ञापन
  - पत्र
  - मौसम संबंधी समाचार
  - बाज़ार संबंधी समाचार
- समाचार बहुविषयक होते हैं।

- **समाचार के प्रकार (विषय के आधार पर)**
  - राजनीतिक समाचार
  - सामाजिक समाचार
  - व्यापार-संबंधी समाचार
  - अर्थ-जगत के समाचार
  - खेल-जगत के समाचार
  - विविध समाचार (साहित्य, संस्कृति विज्ञान, पर्यावरण अन्य)

- **समाचार के प्रकार (स्थान के आधार पर)**
  - राष्ट्रीय
  - अंतरराष्ट्रीय
  - स्थानीय

समाचार के अंग

- मेन हेडिंग
- सब हेडिंग
- बाई लाइन
- समाचार स्रोत
- इन्ट्रो
- ब्यौरा

- समाचारों का चयन उनकी उपयोगिता एवं महत्त्व के आधार पर किया जाता है।
- विज्ञापन न केवल समाचारपत्र की बिक्री बढ़ाते हैं, बल्कि पाठकों के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं।
- इलेक्ट्रॉनिक अख़बार कंप्यूटर से जुड़ा हुआ है।

आइए समझें

- समाचार क्या, कैसे, कब, कहाँ, क्यों, कौन, किस आदि सवालों के जवाबों का संपूर्ण विवरण होता है।
- समाचार स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय– सभी स्तरों के होते हैं। समाचारों का चयन उनकी उपयोगिता और महत्त्व के आधार पर होता है।
- फ़ोटो, फ़ीचर, साक्षात्कार, कार्टून का उपयोग अख़बार में नियमित रूप से आवश्यकतानुसार किया जाता है।
- विज्ञापन आज के अख़बार के अभिन्न अंग हैं। इनसे अख़बार की ही आय नहीं होती, व्यापारी-वर्ग तथा विज्ञापनदाता को भी लाभ होता है। पाठक को भी आवश्यकतानुसार चयन करने में सहायता मिलती है।
- मौसम, बाज़ार-भाव इत्यादि की जानकारी पाठक, व्यापारी–सभी के लिए सुविधाजनक है।
- खेल, अर्थ-जगत, मनोरंजन-जगत; महिलाओं, बच्चों, चुटकुलों संबंधी सामग्री से अख़बारों की लोकप्रियता तथा प्रभाव बढ़ता है।

यह जानना ज़रूरी है

- संवाददाता, संपादक, समाचार-स्रोत, पत्रकार इत्यादि सब मिलकर एक एकक के रूप में काम करते हैं।
- एक समाचारपत्र के छपने में अनेक वस्तुओं, व्यक्तियों, स्थानों; सरकारी, गैर-सरकारी, प्राइवेट संस्थाओं का योगदान होता है।
- अख़बार सामाजिक क्रांति में विविध प्रकार से सहायक होते हैं।

योग्यता बढ़ाएँ

- अखबारों के विभिन्न कॉलमों की वर्गीकृत फ़ाइलें बनाइए।
- किसी अख़बार के दफ़्तर में जाकर उनके काम करने के ढंग को जानिए।
- किन्हीं तीन अख़बारों की तुलना करते हुए अपने विचार लिखिए।

अधिकतम अंक कैसे पाएँ

- नियमित रूप से अख़बार के सभी अंगों की पहचान कीजिए।

- उत्तर प्रश्न के अनुरूप, सटीक और संक्षिप्त होने चाहिए।
- उत्तर लिखने से पहले उसकी रूपरेखा अपने मन में बना लीजिए, तत्पश्चात् क्रमबद्ध रूप में उत्तर लिखिए।
- सरल-सहज भाषा में लिखिए।
- रटे हुए उत्तर की अपेक्षा मौलिक रूप में लिखिए।

अपना मूल्यांकन करें

1. सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) समाचार लिखने वाले अथवा प्रस्तुत करने वाले संवाददाता के नाम वाली पंक्ति को क्या कहते हैं?

(क) को-हेडिंग

(ख) मेन हेडिंग

(ग) सब हेडिंग

(घ) बाई लाइन

(ii) अख़बार आपको क्यों अच्छा लगता है?

(क) सस्ता होने के कारण

(ख) ताज़े समाचारों के कारण

(ग) मोटी छपाई के कारण

(घ) आसानी से उपलब्ध होने के कारण

2. अगर आपको किसी अख़बार में काम करने का अवसर मिले, तो आप क्या बनना चाहेंगे और क्यों?

3. अख़बार में मौसम-संबंधी सूचनाएँ तथा बाज़ार-भाव छपने से आम आदमी को क्या-क्या लाभ हो सकते हैं?